प्रकार्शनाथ

11 जून 2024 गोरखपुर

मारवाडी युवा मंच गोरखपुर शाखा समाजिक कार्यो हेतु सदैव समर्पित रहती है। इसी कड़ी में इस संस्था ने गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वधान में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

आभासी रूप से उपस्थित ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अवधेश अग्रवाल ने रक्तदान शिविर में आए सभी लोगों के प्रति अपना स्नेह एंव शुभकामनाए दी। डॉ0 अग्रवाल ने बताया की रक्तदान से किसी के प्राणों की रक्षा तो होती ही है ै इसके अतिरिक्त स्वंय का शरीर भी स्वस्थ रहता है तथा कुछ गंम्भीर बीमारीया जैसे- मोटापा, चर्बी की बीमारी, मधुमेय, उच्च रक्तचाप, हृदय घात एंव कैंसर जैसे रोगों से बचाव भी होता है।

मारवाडी युवा मंच के अध्यक्ष अभिषेक पोद्दार उपाध्यक्ष दुर्गेश बजाज एंव सदस्य ज्योति गोयल, ने लोगोेे को रक्तदान के विषय में फैली भ्रांतियों को दूर किया। इससे किसी प्रकार की कमजोरी एंव कमी नही होती है। अपितु उपरोक्त लाभ स्वंय के शरीर को मिलता है। दुर्गेश बजाज जी ने लोगों के मन में चल रही जिज्ञासा को दूर किया तथा अभिषेक पोद्दार जी ने सभी के उत्सुक्ता एंव प्रश्नों का उत्तर दिया। इन सदस्यों में आगे बताया की अपने मन से हर-तरह की शंका को निकालते हुए नियमित रक्तदान करें। एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन माह पश्चात् सुरक्षा पूर्वक रक्तदान कर सकता है। यह कोई आवश्यक नहीं है कि जब कोई अपना परिजन अस्वस्थ हो जाए और उसे रक्त की आवश्यकता हो तभी रक्तदान करें। अपितु हर 3 माह अथवा 6 माह बाद किसी भी ब्लड बैंक में जाकर स्वरक्तदाता के रूप में दान करें । ब्लड बैंक प्रभारी डॉ0 अग्रवाल ने बताया की भारतवर्ष में 1 वर्ष में लगभग 1 करोड 50 लाख रक्त युनिट की आवश्यकता होती है। तथा आपुर्ति केवल इसकी आधी ही हो पाती है। जिसके कारण या तो रोगी व्यवसायिक रक्तदाता के चंगुल में फस जाता है अथवा काल के गाल में समा जाता है। इन आकड़ो को देखते हुए जनमानस को चाहिए की वह नियमित रक्तदान करके इस त्रासदी को रोकने में समाज तथा राष्ट्र

को समृध्द करने में अपने अहम भुमिका का निर्वहन करें। यह एक सर्वोत्तम पुण्य का काम हैं इसलिए कहा गया है रक्तदान महादान।

इस कार्यक्रम में समाज के प्रतिष्ठित एंव प्रवुध्द वर्ग के लोग एंव जनमानस के तमाम लोग पत्रकार बंधु एंव मारवाडी युवा मंच के सदस्य उपस्थित रहें।

इस रक्तदान शिविर में अंकुर, बलदेव पाटवारी, संजय सिंह, दुर्गेश बजाज, अनिल कुमार, अशिषेक सिंह, पियुष गोयल, के साथ लगभग 40 लोगों ने रक्तदान किया

इस रक्तदान को सफल बनानें में ब्लड बैंक अधिकारी, टेक्नीशियन , एंव कर्मचारीयों का महत्वपुर्ण योगदान रहा।